दैनिक भास्कर बुरहानपुर 06-10-2023

## नेपानगर ▸ शाहपुर

**नवरात्रि उत्सव •** नेपा लिमिटेड की ओर से नव दुर्गा उत्सव पर नेहरू स्टेडियम में लगाया जाता है मेला

# गंगा किनारे से लाई मिट्टी से कोलकाता के कलाकार बना रहे मां दुर्गा की प्रतिमा

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

शारदीय नवरात्रि पर्व 15 अक्टूबर से शुरू होगा। इससे पहले शहर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं को कलाकार अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर हर साल नेपा मिल की ओर से भव्य मेला लगाया जाता है। साथ ही मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। जिसे बंगाल के कलाकार तैयार करते हैं। इस बार भी मिल की ओर से मां दुर्गा की प्रतिमा तैयार कराई जा रही है। कलाकार गंगा किनारे से लाई गई मिट्टी से प्रतिमा तैयार कर रहे हैं। इको फ्रेंडली कलर से मूर्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

नेहरु स्टेडियम ग्राउंड पर नेपा मिल की ओर से नव दुर्गा उत्सव मनाया जाता है। यहां आयोजित मेले में हजारों लोग आते हैं। 9 दिनों तक लगातार कार्यक्रम आयोजित होते हैं। मेले में 50 से अधिक दुकानें सजती है। झूला भी लगाया जाता है। माताजी के पांडाल में प्रतिदिन आरती होती है।

### हर साल हजारों की संख्या में दर्शन करने पहुंचते हैं लोग, मेले में सजती है दुकानें



बंगाल के कलाकारों ने पिछले साल भी सुंदर प्रतिमा बनाई थी।

### शहर में यहां भी स्थापित होती है प्रतिमाएं

नगर में नेहरू स्टेडियम के अलावा ई-टाइप एरिया, बुधवारा बाजार, एकता नगर, मनोज टाकिज सहित अन्य स्थान पर प्रतिमाएं स्थापित की जाती है। वहीं शीतला माता मंदिर, कालका माता मंदिर, नगर पालिका, मातापुर बाजार स्थित वैष्णव माता मंदिर में घट स्थापना की जाती है।

### मैदान पर 15 से लगेगा नवरात्रि मेला

एशिया महाद्वीप में कागज की काशी के नाम से विख्यात नेपानगर की अपनी एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत रही है। इसी सांस्कृतिक विरासत की कड़ी में भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड द्वारा संचालित गणेश, नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में पिछले कई दशकों से स्थानीय नागरिकों सहित इस आदिवासी अंचल में स्थित दर्जनों ग्रामों के हजारों ग्रामीणों के लिए विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक, कलात्मक, रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करता है। जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया नेपा लिमिटेड प्रबंधन और मातापुर बाजार व्यापारी संघ, नेपानगर के बीच परस्पर चर्चा और जनभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नेपा लिमिटेड अपनी स्थानीय मेला उत्सव समिति के माध्यम से पंडित जवाहरलाल नेहरू क्रिकेट मैदान पर रविवार 15 अक्टूबर से मंगलवार 23 अक्टूबर विजयादशमी तक शारदीय नवरात्रि उत्सव का आयोजन करने जा रहा है। उपासना, साधना और संस्कृति के अनूठे संगम इस 9 दिवसीय नवरात्रि मेले में प्रतिदिन मां दुर्गा की पूजा पाठ सहित भव्य पैमाने पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# 15 अक्टूबर से पंडित जवाहरलाल नेहरू क्रिकेट ग्राउंड में लगेगा नवरात्रि मेला

**नेपानगर ■ धु्रव वाणी ।** एशिया महाद्वीप में कागज की काशी के नाम से विख्यात नेपानगर की अपनी एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत रही है। इसी सांस्कृतिक विरासत की कड़ी में भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड द्वारा संचालित श्री गणेश एवं नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में पिछले कई दशको से स्थानीय नागरिको सहित इस आदिवासी अंचल में स्थित दर्जनों ग्रामो के हजारों ग्रामीणो हेतु विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक, कलात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करता है। नेपा लिमिटेड प्रबंधन और मातापुर बाजार व्यापारी संघ, नेपानगर के मध्य सम्पन्न परस्पर चर्चा एवं जनभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नेपा लिमिटेड अपनी स्थानीय मेला उत्सव समिति के माध्यम से पंडित जवाहरलाल नेहरू क्रिकेट मैदान पर रविवार दिनांक 15 अक्टुबर 2023 से मंगलवार दिनांक 23 अक्टुबर 2023 विजयादशमी तक शारदीय नवरात्रि उत्सव का आयोजन करने जा रहा है। उपासना, साधना और संस्कृति के अनुठे संगम इस नौ दिवसीय नवरात्रि मेले में प्रतिदिन मां दुर्गा की पूजा और पाठो सहित भव्य पैमाने पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा ।



# नेहरू क्रिकेट मैदान पर 15 से 23 तक लगेगा भक्ति का मेला

## इस साल भी शुरू की तैयारियां

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** एशिया महाद्वीप में कागज की काशी के नाम से विख्यात नेपानगर की अपनी एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत रही है। इसी सांस्कृतिक विरासत की कड़ी में भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड द्वारा संचालित गणेश, नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में पिछले कई दशकों से स्थानीय नागरिकों सहित इस आदिवासी अंचल में स्थित दर्जनों ग्रामों के हजारों ग्रामीणो के लिए विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक, कलात्मक, रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करता है।

### 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक लगेगा मेला

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया नेपा लिमिटेड प्रबंधन और मातापुर बाजार व्यापारी संघ नेपानगर के बीच परस्पर चर्चा और जन भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नेपा लिमिटेड अपनी स्थानीय मेला उत्सव समिति के माध्यम से पंडित जवाहरलाल नेहरू क्रिकेट मैदान पर रविवार 15 से मंगलवार 23 अक्टूबर 23 विजयादशमी तक शारदीय नवरात्रि उत्सव का आयोजन करने जा रहा है।



मेले की चल रही तैयारी।

### आसपास के क्षेत्रों से आते ग्रामीण

नेपा मिल की ओर से आयोजित इस मेले में शामिल होने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचते है। यहां दुकानें सजने से मेला भरता है। जिसमें काफी खरीदारी भी होती है। सालों से यह आयोजन होता आ रहा है।

**प्रतिनिधि होगी पूजा, अर्चना :** उपासना, साधना और संस्कृति के अनूठे संगम इस नौ दिवसीय नवरात्रि मेले में प्रतिदिन मां दुर्गा की पूजा पाठ सहित भव्य पैमाने पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।